एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

सांवले रंग के कारण भेदभाव का शिकार हुई थीं मलाइका अरोड़ा

फिल्म ऐक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा का कहना है कि सांवले रंग के कारण उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में शुरुआत में भेदभाव का शिकार होना पड़ा था। मलाइका अरोड़ा ने कहा कि मैं जब फिल्म इंडस्ट्री में आई तो यहां काला-गोरा फैला हुआ था और मुझे हमेशा काले रंग वाली कैटगरी में रखा गया। अपने आइटम नंबर्स के लिए फेमस मलाइका अरोड़ा ने नेहा धूपिया के चैट शो में ये बातें कहीं। इसके अलावा चैट शो में मलाइका अरोड़ा ने अपनी ड्रीम वेडिंग से अर्जुन कपूर के साथ रिश्ते तक कई अन्य बाते भी कीं। बताते चलें कि मलाइका अरोड़ा ऐक्टर अर्जुन कपूर के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में रहती हैं। दोनों के रिश्ते को लेकर आए दिन कुछ न कुछ खबरें आती रहती हैं। वहीं, ऐक्ट्रेस का कहना है कि वे ट्रोल्स की परवाह नहीं करतीं। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत तौर पर मुझे बिल्कुल परवाह नहीं है। मुझे सिर्फ उन लोगों के लिए बुरा लगता है जो सिर्फ एक तय तरीके से सोचते हैं।

पागलपंती में काम करने के लिये तुरंत राजी हो गयी: इलियाना डीक्रूज

बॉलीवुड अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज का कहना है कि वह फिल्म 'पागलपंती' में काम करने के लिये तुरंत राजी हो गई। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी फिल्म पागलपंती में जॉन अब्राहम, इलियाना डिक्रूज, कृति खरबंदा, उर्वशी रौतेला, पुलकित सम्राट, अरशद वारसी और अनिल कपूर की मुख्य भूमिकाएं है। इलियाना ने कहा कि वह मुबारकां की सफलता के बाद पागलपंती में काम करने के लिए तुरंत राजी हो गईं, जो कि अनीस बज्मी द्वारा बनाई गई थी। इलियाना ने कहा कि उनका परिवार अंग्रेजी फ़िल्में देखना पसंद करता है और उन्होंने मुबारकां देखी थी और फिल्म उन्हें पसंद आई थी। इसके बाद जब अनीस बज्मी ने उन्हें पागलपंती की पेशकश की तो वह इस मनोरंजक कॉमेडी का हिस्सा बनने से इंकार नहीं कर पाई। इलियाना ने कहा कि अनीस बज्मी के साथ काम करना हमेशा एक अच्छा अनुभव रहा है। बतौर निर्देशक वह अपने कलाकारों को समझते हैं। यह पूछे जाने पर कि उन्हें अनिल कपूर और अरशद वारसी जैसे अभिनेताओं के साथ काम कर कैसा लगा। इस पर उन्होंने कहा, दोनों अपनी कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं और कॉमेडी में जितने कलाकार होते है, उतना अच्छा रहता है।

थलाइवी के लिए डांस रिहर्सल करती दिखीं कंगना

इन दिनों ऐक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी आने वाली फिल्म थलाइवी के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रही हैं। आजकल वह मनाली में अपनी फैमिली के साथ हैं। लेकिन वहां भी उन्होंने अपने शेड्यूल को जरा भी इधर-उधर नहीं होने दिया और फिल्म की तैयारियों में बिजी दिखीं। बता दें कि थलाइवी तमिलनाडु की दिवंगत पूर्व सीएम जयललिता की लाइफ पर बन रही एक बायॉपिक है, जिसमें कंगना मुख्य किरदार में दिखेंगी। जयललिता के किरदार के लिए वह इन दिनों भरतनाट्यम सीख रही हैं। इसके रिहर्सल का एक विडियो उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर किया है। वहीं, यह फिल्म किन्हीं वजहों से विवादों में भी आ गई है। जयललिता की भतीजी दीपा ने मद्रास हाई कोर्ट से फिल्म पर स्टे की मांग की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दीपा ने अपने ऐफिडेविट में कहा कि थलाइवी के डायरेक्टर एएल विजय ने उनसे फिल्म के लिए सहमति नहीं ली। उनका कहना है कि फिल्म में कुछ तथ्य और घटनाएं गलत तरीके से पेश की जा सकती हैं। थलाइवी २०२० में रिलीज होगी और कंगना इसके लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहतीं। वह इस फिल्म से जुड़ी अपनी तैयारियों को लेकर अक्सर सोशल मीडिया पर फैन्स को अपडेट करती रहती हैं। अन्य फिल्मों की बात करें, तो वह इस साल जजमेंटल है क्या में नजर आई थीं, जिसे कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। इस फिल्म में उनके ऑपोजिट राजकुमार राव भी थे। थलाइवी के अलावा कंगना स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म पंगा में भी नजर आएंगी। यह एक कबड्डी खिलाड़ी की कहानी है, जिसमें रिचा चड्ढा, नीना गुप्ता और जस्सी गिल भी नजर आएंगे।